वर्ष 1 - अंक 10
गुरुवार 28 नवम्बर 2024 - कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

# मांडू पहुंचे युरेशियम समूह के प्रतिनिधि

## विदेशी मेहमान मांडू की जामी मस्जिद,होशंग शाह का मक़बरा और जहाज़ महल देख अभिभूत हुए

धार जिले के विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल मांडू में 27 नवंबर को यूरेशियन समूह के अतिथियों का आगमन हुआ जिसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारियां की गई थी । विदेशी मेहमानों की आव भगत के लिए मांडू को सजाया संवारा गया और भारतीय परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर विदेशी मेहमानों का स्वागत किया गया। मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में यूरेशियन समूह की पांच दिवसीय बैठक आयोजित की गई है। जिसमें विश्व के 25 देशों के करीब ढाई सौ प्रतिनिधि भाग ले रहे है । इसी दौरान डेलिगेट्स विश्व प्रसिद्ध मांडू का भ्रमण करने पहुंचे।





धार। विदेशी मेहमानो का स्वागत भारतीय संस्कृति के परंपरा अनुसार हुआ विदेशी मेहमान मांडू की जामी मस्जिद,होशंग शाह का मक़बरा और जहाज़ महल देख अभिभूत हुए।मेहमानो ने यहाँ लाइट एंड साउंड शो को रुचिपूर्वक देखा। धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कहा कि भारत अपने अमृत काल में है हम अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे कर चुके हैं हमने अपने संविधान के एक्सेप्शन के भी 75 वर्ष पूरे किए हैं और माननीय प्रधानमंत्री जी का एक संकल्प है कि एक भारत श्रेष्ठ भारत को लेकर हमें आगे बढ़ना है। वित्त मंत्रालय के द्वारा यूरेशियन ग्रुप की जो बैठक इंदौर में चल रही है उनका आतिथ्य हम लोग मांडू में कर रहे हैं। मांडू भारत के प्राचीनतम इतिहास की पुरातात्विक जगह है। यहां सबका स्वागत है।

उनको भारत की संस्कृति से परिचित करवाना उनको हमारे स्मारक दिखाना यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। जिला प्रशासन की ओर से मैं इस व्यवस्था में लगे हुए सभी लोगों का भी धन्यवाद देना चाहूंगा। जितने भी हमारे मेहमान है वह आज यहां आकर बहुत खुश है. उन्होंने पहले जमा मस्जिद देखा फिर हुसैन शाह का मकबरा देखा फिर जहाज महल। यह मध्य एशिया देश समूह है। जिसमे समरकंद है और मुगलो का एक तरह से केंद्र भी कहा जाता है और भी ऐसे बहुत से आर्किटेक्चरल फीचर्स है जो उनके देश में और हमारे मांडू में एक जैसे हैं वह भी देखकर उनको बहुत अच्छा लग रहा है। वित्त मंत्रालय के असिस्टेंट डायरेक्टर विवेक अग्रवाल,इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह साथ आये थे।

॥ जय भवानी ॥ ॥ श्री गणेशाय नमः ॥ ॥ जय मल्हार ॥ ॥ जय शिवाजी ॥







# श्री शिव मल्हारी मार्तण्ड जन्मोत्सव

सह परिवार आमंत्रण



श्री रमेश जी मेन्दोला (दादा)
विधायक (संरक्षक)



पं. पवन तिवारी जी
(कांटाफोड) कथा वाचक

✻ कार्यक्रम ✻

8 वर्ष वाँ

## श्री शिव मल्हारी मार्तण्ड पुराण

दि. 01 दिसम्बर 2024 से 07 दिसम्बर 2024
दोप. 3 बजे से

**युवक-युवति-परिचय सम्मेलन**
दि. 07 दिसम्बर 2024, शनिवार
सुबह 10 से दोप. 2 बजे

**पालकी यात्रा**
दि. 07 दिसम्बर 2024, शनिवार
दोप. 4 बजे

विशेष सूचना :- युवक-युवती का बायो-डाटा, जन्म कुण्डली की फोटो कॉपी एवं 2 पासपोर्ट फोटो मल्हारी मार्तण्ड मंदिर में सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे दि. 06 दिसम्बर 2024, शुक्रवार तक जमा करें।

**प्रतिदिन भोजन प्रसादी शाम 7 बजे से**



श्रीमान ____________________
____________________



**आयोजक : सर्व मराठी भाषी सेवा संघ, स्कीम नं. 78, इन्दौर**
निवेदक : विधायक श्री रमेश मेन्दोला जी, नितिन सुर्वे मित्र मण्डल
स्थान :- स्लाईस - 1, सेक्टर-डी, मल्हारी मार्तण्ड मंदिर परिसर स्कीम नं. 78, इन्दौर
मोबा. 9827038011, 9827358017, 9407033806, 9713051087

### पं.पू. संत गण

पं.पू. महामण्डलेश्वर माँ कनकेश्वरी देवी
प.पू. 1008 श्री श्री रामदास जी महाराज
प.पू. विवेक जी बर्वे महाराज
प.पू. दादू जी महाराज
महंत जुगल बाबा शारदा पीठ

### मुख्य अतिथि

**श्री कैलाश जी विजयवर्गीय**
नक्षरीय प्रशासन मंत्री

**श्री सुरेश कुरवाडे जी**
वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व एम.आय.सी.मेम्बर

**श्रीमती पूजा पाटीदार जी**
पार्षद, भाजपा

**श्रीमती सुनीता संतोष चौखंडे जी**
पार्षद, भाजपा

**श्रीमती सीमा संजय चौधरी जी**
पार्षद, भाजपा

**श्रीमती ज्योति शरद पवार जी**
पार्षद, भाजपा

**श्री रमेश जी मेन्दोला (दादा)**
संरक्षक (विधायक क्षेत्र क्रं.2)


**श्री राजेन्द्र राठौर जी**
एम.आय.सी.मेम्बर इ.न.पा.नि.

**श्री सुधीर कोल्हे जी**
नगर महामंत्री, भाजपा

**श्री गजानंद गावड़े जी**
पार्षद, भाजपा

**श्री बालमुकुन्द सोनी जी**
पार्षद, भाजपा

**श्री मनोज मिश्रा जी**
पार्षद, भाजपा



विशेष सहयोगी (पालकी यात्रा)

**भस्म रमैय्या भक्त मण्डल-उज्जैन**

श्री भस्म रमैय्या भक्त मण्डल उज्जैन द्वारा प्रसिद्ध डमरु वादक मोनी बाबा, डमरु वाले के सानिध्य में शिव प्रिय वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति दी जाएगी। मण्डल के प्रवीण भैय्या मादुस्कर, पं. मधुरम सरकार मण्डल सदस्यों के साथ झाँझ डमरु की लयताल में भगवान महांकाल के जयकारों से अलख जगायेंगे। मण्डल की प्रस्तुति सम्पूर्ण भारत में प्रसिद्ध है।




संगठन पर्व के अंतर्गत सक्रिय सदस्यता अभियान में इंदौर महानगर द्वारा बनाए गए सक्रिय सदस्यों की सूची संगठन के निर्देशानुसार नगर अध्यक्ष श्री गौरव रणदिवे जी द्वारा कालखंड 2024 -2030 हेतु जारी की गई।

इंदौर महानगर कुल सक्रिय सदस्य-2383



# समाजसेवियों मिलकर मनाया सूफी संत का जन्मदिवस



**आदित्य शर्मा**

इंदौर। आज एक तू ही गुरुद्वार जयगुरूदेव वर्ल्ड नैचुरल मेडिटेशन टेंपल के अध्यक्ष बाल योगी मौनी ब्रह्मचारी यशवर्धन महाराज साहेब का जन्मदिवस बड़ी धूम धाम मनाया इस मौके कॉंग्रेस वरिष्ठ नेता पूर्व राज्य मंत्री दिलीप राजपाल, के यहां एक तू ही जयगुरूदेव अरुणा नंद महाराज साहेब की अध्यक्षता में मनाया गया।

मुख्य अतिथि थे बार कॉन्सिल के अध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा एडवोकेट जिन्होंने समस्त संघ की और से शुभ कामनाएं दी और आशीर्वाद लिया , कार्यक्रम में सम्मिलित हुए पूर्व जज विवेक मरकाम, प्रदेश महा मंत्री राहुल निहोरे, युगांतर बाल कल्याण सेवा समिति की अध्यक्ष मां साध्वी अनंता देवी, राष्ट्रीय सर्वधर्म सूफ़ी संत महा संघ के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, मो. अनवर खान,वरिष्ठ पत्रकार साधना सिंह ,प्रदेश अध्यक्ष शफीक बाबा वारसी, ,एडवोकेट सुरेन्द्र सिंह शेरा, सुखदेव खड़बड़ीकर, महा मंडलेश्वर राजेंद्र अग्रवाल, डॉं अकबर शेख, नरेंद्र सेठ, किशन भालसे अन्य सभी लोगों ने हर्षोल्लास के साथ शामिल हुए और शुभ कामनाएं बधाई दी । बाल योगी यशवर्धन महाराज साहेब विगत 5 वर्षों से मौन साधना में लगे हुए हैं आप विश्व शान्ति और मानव जीवन के कल्याण हेतु ये साधना में लिन है ।

आप बाल योगी हैं और लोगों को ध्यान के द्वारा कुण्डलिनी जागरण कर उसका रहस्य समझते हैं।

# विदेशी ग्रहको से शेयर मार्केट एवं कमोडिटी में इवेस्ट करने की एडवाईजरी के नाम से लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले शातिर 03 आरोपी गिरफ्तार

**तीन राज्यों के आरोपीगण इन्दौर(म.प्र), एक राजस्थान एवं एक मुबंई(महाराष्ट्र) के है**

**आरोपी गैंग कंपनी का डाटा चोरी कर, देते थे वारदात को अंजाम।**

**क्राईम ब्रांच इंदौर में पंजीबद्ध हुआ था तीनों आरोपिगणों के विरुद्ध कई धाराओं में। अपराध पंजीबद्ध।**

विदेशी ग्रहको से शेयर मार्केट एवं कमोडिटी में इवेस्ट करने के नाम से लोगों से रुपये ठगने वाले अपराधिक प्रवृत्ती के लोगों पर एवं आरोपीयों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। जिसके तारतम्य में आवेदक रवि अग्रवाल के द्वारा प्रस्तुत शिकायत पर से अपराध पंजीबद्ध कर प्रभावी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया था । आवेदक रवि अग्रवाल निवासी इन्दौर के द्वारा अपनी कम्पनी सिग्नल एक्सपर्ट ग्लोबल एलएलपी एचआईजी इन्दौर में कार्यरत कर्मचारियों, रहीम खान नि.इन्दौर ,भरत शेखावत नि. राजस्थान



तथा रोहित शर्मा निवासी मुबंई के विरुद्ध शिकायत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था जिसमे उनके द्वारा उक्त तीनों व्यक्तियो में से (1).आरोपी रहीम खान जो उनकी कम्पनी में आई.टी हेड था, आरोपी (2).भरत शेखावत जो सेल्स का हेड था द्वारा (3).आरोपी रोहित शर्मा के साथ मिलकर एक नई कम्पनी स्काई टेक्निकल साल्यूशन कम्पनी का निर्माण कर लिया था तथा उसकी कम्पनी का सारा डाटा तकनीकी रुप से चौरी करते हुये उसकी कम्पनी के ग्राहकों को गुमरहा कर धोखाधडी पूर्वक अपनी कम्पनी के माध्यम से इंवेस्टमेन्ट हेतु कार्य करना प्रारंभ कर दिया था, जिससे आवेदक रवि अग्रवाल की कम्पनी का डाटा चोरी होने से उससे लाखों रुपये का नुकसान होना प्रारंभ हो गया था । आवेदक की शिकायत पर थाना अपराध शाखा में अपराध धारा 43,66,72 आई.टी. एक्ट , 120 बी भादवि का दर्ज कर विवेचना में लिया गया था , विवेचना के दौरान तकनीकी रुप से साक्ष्य एकत्र किये गये तथा आरोपियो द्वारा निर्मित कम्पनी की वैधानिकता एवं उक्त व्यापार करने की अनुज्ञप्ती तथा स्काय टेक्निकल साल्यूशन कम्पनी के बैंक खातों की जानकारी प्राप्त करने पर उक्त कम्पनी द्वारा अवैधानिक रुप से अपने विदेशी ग्राहको के साथ छल पूर्वक व्यापार करते हुये अपनी मूल कम्पनी को अर्थिक नुकसान पहुंचाया जाना पाया गया, जिसपर से उपरोक्त तीनों आरोपियों का कृत्य गंभीर अपराधिक प्रवृत्ती का होने से तीनों को धारा 408, 409,120बी,भादवि एवं 43,66,72, आई.टी.एक्ट में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है जहां से उन्हे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है ।

# पुलिस बालमित्र कार्यक्रम के तहत Prashanti Institute of Management उज्जैन के स्टूडेंट्स ने किया, इंदौर पुलिस कंट्रोल रूम का भ्रमण

**स्टूडेंट्स ने पुलिस की डायल-100 सेवा, CCTV सर्विलांस के साथ जानी, पुलिस की कार्यप्रणाली**

**इंदौर। पुलिस व जनता में बेहतर समन्वय एवं लोगों में सामाजिक जागरूकता लाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय द्वारा पुलिस बालमित्र /स्टूडेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम के तहत बच्चों में पुलिस के प्रति सकारात्मक व स्वच्छ छवि निर्माण हेतु कार्यवाही के लिए निर्देश दिए गए हैं।**

जिसके तारतम्य में पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में इंदौर पुलिस द्वारा समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से स्टूडेंट्स व आम नागरिकों को पुलिस की सेवाओं से परिचित कराने के साथ ही सामान्य जानकारी व सामाजिक बातों के प्रति जागरूक करने के लिये नित नए प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में आज दिनांक 27 नवंबर





2024 को पुलिस उपायुक्त (आसू./सु.) श्री अंकित सोनी एवं अति. पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा) श्री प्रमोद सोनकर के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस आयुक्त (कंट्रोल रूम) श्री सुभाष सिंह व कंट्रोल रूम के अन्य पुलिस अधिकारियों ने Prashanti Institute of Management उज्जैन के छात्र-छात्राओं को पलासिया चौराहा स्थित पुलिस कंट्रोल रूम इंदौर का भ्रमण कराया गया। अधिकारियों ने स्टूडेंट्स को पुलिस कमिश्नरेट की कार्यप्रणाली के बारें में बताते हुए, डायल-100, सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम, 112-इमरजेंसी एप्लिकेशन और पुलिस की विभिन्न हेल्पलाइन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई ।

कंट्रोल रूम इंचार्ज, एसीपी श्री सुभाष सिंह, उपनिरीक्षक श्री हरबख्श ,सिंह, आरक्षक देवेश शर्मा, आरक्षक श्याम नायक ने स्टूडेंट्स को डायल-100 की और cctv सर्विलांस सिस्टम की कार्यप्रणाली संबंध में स्टूडेंट्स द्वारा कई सवाल पूछें, जिसकी उन्हें उचित जानकारी प्रदान कर उनकी जिज्ञासाओ का शमन किया। साथ ही एसीपी श्री सुभाष सिंह और स्टूडेंट्स के साथ आये साइबर एक्सपर्ट प्रोफेसर श्री गौरव रावल ने सभी को साइबर अपराधों के प्रकारों व उनसे बचने के तरीके बताकर जागरूक किया गया।



एरोड्रम थाना क्षेत्र में लिस्टेड गुंडे बदमाशों को पड़कर उनसे माफी मंगवाते हुए क्षेत्र में आगे से कोई अपराध न करने की शपथ लेते हुए थाना प्रभारी राजेश साहू

क्या आप भी बनना चाहते हैं
जनता की आवाज ?
तो जुड़िए रणजीत टाइम्स न्यूज़पेपर के साथ
और बनिए जनता की सशक्त आवाज
आपकी खबर, आपकी ताकत!
जुड़ने के लिए अभी संपर्क करें
9827068888, 8224951278
आपका रणजीत टाइम्स
जनताकीआवाज




# महात्मा ज्योतिबा फुले:सामाजिक न्याय के अग्रदूत


महात्मा ज्योतिबा फुले (1827-1890) भारतीय समाज सुधारक, विचारक, और लेखक थे, जिन्होंने सामाजिक असमानता के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। वे सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण, और शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए जाने जाते हैं।

### जीवन परिचय

ज्योतिबा फुले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को महाराष्ट्र के पुणे जिले में एक माली परिवार में हुआ। उनका पूरा नाम ज्योतिराव गोविंदराव फुले था। उनका परिवार सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से कमजोर था, लेकिन उन्होंने अपनी शिक्षा के माध्यम से समाज में बदलाव लाने का संकल्प लिया।

### शिक्षा और विचारधारा

ज्योतिबा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मिशनरी स्कूल में प्राप्त की। उन्होंने अंग्रेजी, मराठी और अन्य विषयों में गहरी रुचि दिखाई। शिक्षा के दौरान



उन्होंने महसूस किया कि समाज में उच्च और निम्न जाति का भेदभाव गहरा है। इसके बाद उन्होंने इन कुरीतियों के खिलाफ अपनी आवाज उठाने का फैसला किया।

### सामाजिक सुधार कार्य

**1. स्त्री शिक्षा के लिए योगदान:**

ज्योतिबा फुले ने 1848 में भारत का पहला महिला विद्यालय पुणे में शुरू किया। उनकी पत्नी, सावित्रीबाई फुले, इस विद्यालय की पहली शिक्षिका बनीं। यह कदम महिलाओं को शिक्षित करने के लिए एक क्रांतिकारी प्रयास था।

**2. अस्पृश्यता और जातिवाद के खिलाफ आंदोलन:**

उन्होंने अछूतों और निम्न जाति के लोगों के साथ होने वाले अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने कहा, "जाति और धर्म के नाम पर होने वाले भेदभाव को खत्म करना ही सच्ची मानवता है।"

**3. सत्यशोधक समाज की स्थापना (1873):**

उन्होंने "सत्यशोधक समाज" की स्थापना की, जिसका उद्देश्य समाज में समानता स्थापित करना था। इस समाज ने महिलाओं, दलितों, और पिछड़ों के अधिकारों के लिए काम किया।

**4. महिला सशक्तिकरण और विधवा पुनर्विवाह:**

ज्योतिबा फुले ने विधवा पुनर्विवाह और बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का काम किया।

### महत्वपूर्ण रचनाएँ

**महात्मा फुले ने कई पुस्तकों के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए, जैसे:**

1. गुलामगिरी: इस पुस्तक में उन्होंने भारतीय समाज में जातिवाद और ब्राह्मणवादी व्यवस्था की आलोचना की।

2. तृतीय रत्न: इसमें उन्होंने शिक्षा, समानता, और सामाजिक न्याय पर बल दिया।

उनका प्रभाव

महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज में समानता और शिक्षा के महत्व को समझाया। उनके प्रयासों का असर आज भी महसूस किया जा सकता है। उन्होंने दिखाया कि शिक्षा ही समाज में बदलाव लाने का सबसे बड़ा साधन है।

निधन- 28 नवंबर 1890 को उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी शिक्षाएं और विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

निष्कर्ष- महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपने जीवन को सामाजिक सुधार के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने एक ऐसे समाज की कल्पना की, जिसमें सभी को समान अधिकार प्राप्त हों। उनके विचार और कार्य हमें प्रेरणा देते हैं कि हम सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाएं और हर व्यक्ति के साथ समान व्यवहार करें।

"समाज को शिक्षित करो, संगठित करो और संघर्ष करो।" – महात्मा ज्योतिबा फुले